# Rapid Fire करेंट अफेयर्स (11 June)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-june-11

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग और रेल मंत्री **पीयूष गोयल** ने 8-9 जून को जापान के इबाराकी प्रांत के **त्सुकुबा शहर** में **व्यापार और डिजिटल अर्थव्यवस्था** पर आयोजित G-20 की मंत्रिस्तरीय बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। इस बैठक में वैश्विक व्यापार की स्थिति से संबंधित विभिन्न घटनाक्रमों, विश्व व्यापार संगठन से जुड़े मुद्दों और डिजिटल व्यापार पर चर्चा की गई। गौरतलब है कि G-20 में कोई बाध्यकारी प्रतिबद्धता नहीं है, लेकिन यह बहुपक्षीय व्यापार संबंधों के लिये एजेंडा निर्धारित करता है। इस बैठक की विशेषता यह रही कि 50 से भी अधिक व्यापार और डिजिटल अर्थव्यवस्था मंत्री G-20 के इतिहास में पहली बार मिले। अनुमान है कि डिजिटलीकरण से वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के साथ-साथ समाज भी निरंतर लाभान्वित होगा और इसके साथ ही समावेशी, अभिनव एवं मानव केंद्रित भावी **Society 5.0** का विकास सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। G-20 में 19 देश और यूरोपीय संघ शामिल हैं। ये 19 देश हैं-

अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राज़ील, कनाडा, चीन, फ्राँस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, रूस, जापान, मेक्सिको, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, ब्रिटेन और संयुक्त राज्य अमेरिका। G-20 के सदस्य देश दुनिया के दो-तिहाई लोगों और 85 प्रतिशत अर्थव्यवस्था का प्रतिनिधित्व करते हैं।

- बेहतर निवेश और निजी खपत के दम पर भारत आने वाले समय में भी सबसेवर्षों वर्ष तक भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। विश्व बैंक ने हाल ही में जारी **वैश्विक आर्थिक परिदृश्य** में वित्त वर्ष 2018-19 में भारत के 7.2 प्रतिशत की दर से वृद्धि करने का अनुमान है। वर्ष 2021 तक भारत की आर्थिक वृद्धि दर चीन के 6 प्रतिशत की तुलना में डेढ़ प्रतिशत अधिक रहेगी। 2019-20 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने अपने पिछले पूर्वानुमान में भी 2019-20 में वृद्धि दर 7.5 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया था। दूसरी तरफ मौद्रिक नीति की द्विमासिक समीक्षा के दौरान 6 जून को **रिज़र्व बैंक** ने 2019-20 के लिये विकास दर अनुमान को पहले के 7.2 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया। वृद्धि दर के अनुमान में कमी का कारण कमज़ोर वैश्विक परिदृश्य तथा निजी खपत में कमी बताया गया।

- **टाटा पॉवर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड** गुजरात के **रघनेसदा सोलर पार्क** में 100 मेगावाट की सौर परियोजना का विकास करने जा रही है। इसके लिये उसे गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड की अनुमति मिल गई है। इस परियोजना में उत्पादित ऊर्जा की आपूर्ति गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड को पॉवर परचेज़ एग्रीमेंट के तहत की जाएगी, जो निर्धारित वाणिज्यिक परिचालन तिथि से 25 वर्ष तक के लिये वैध होगा। कंपनी को इस परियोजना की शुरुआत पॉवर परचेज़ एग्रीमेंट के निष्पादन की तिथि से 15 माह के भीतर करनी होगी। इस परियोजना के शुरू होने के बाद टाटा पॉवर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड की क्रियान्वयन क्षमता 500 मेगावाट हो जाएगी, जो 2268 मेगावाट की परिचालन क्षमता से जुड़ेगी। यह संयंत्र प्रतिवर्ष 250 MU ऊर्जा का उत्पादन करेगा और वार्षिक आधार पर कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन में लगभग 250 मिलियन किग्रा. की कमी करेगा।
- **डेनमार्क** में हुए आम चुनाव में लेफ्ट यानी **रेड ब्लॉक** को सत्ता मिली है। इस गठबंधन की **सोशल डेमोक्रेट पार्टी** को सबसे अधिक वोट मिले। वर्तमान में सत्ताधारी राइट विंग यानी **ब्लू ब्लॉक** प्रधानमंत्री लार्स लोकी की अगुवाई में दूसरे स्थान पर रही। रेड ब्लॉक को 91 सीटें और ब्लू ब्लॉक को 75 सीटें मिली हैं। 15 दिनों के अंतराल में यह दूसरा मौका है, जब डेनमार्क के लोगों ने धुर दक्षिणपंथियों को नकार दिया है। इससे पहले यूरोपीय संसद के लिये हुए चुनाव में दक्षिणपंथी पार्टी की पराजय हुई थी। गौरतलब है कि डेनमार्क में बहुदलीय परंपरा है और यहाँ गठबंधन की सरकारें ही सत्ता संभालती आ रही हैं, जो दो गठबंधनों में बंटी हुई हैं। इन चुनावों में प्रवासी मुद्दा प्रमुख मुद्दा बताया जा रहा था, क्योंकि वर्ष 2015 में जब से प्रवासी संकट पैदा हुआ है, डेनमार्क यूरोप के उन देशों में से है जिन्होंने सबसे कम प्रवासियों को शरण दी है। इसके अलावा पर्यावरण भी डेनमार्क में एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बन चुका है और इसके साथ स्वास्थ्य और पेंशन के मुद्दे भी इस चुनाव प्रचार के दौरान चर्चा में रहे।
- गूगल के भारतीय मूल के CEO **सुंदर पिचई** और नैसडाक की प्रेसिडेंट **एडीना फ्रीडमन** को इस साल के **ग्लोबल लीडरशिप** अवार्ड के लिये चुना गया है। टेक्नोलॉजी आधारित अग्रणी प्लेटफॉर्म के रूप में दोनों कंपनियों के योगदान को देखते हुए अमेरिकी उद्योग संगठन यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल ने इनका चुनाव किया है। यह पुरस्कार अमेरिका और भारत की उन कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों को दिया जाता है, जो अमेरिका-भारत व्यापारिक क्षेत्र के विकास में महत्त्वपूर्ण योगदान करते हैं। गूगल और नैसडाक जैसी कंपनियों के योगदान से अमेरिका और भारत का द्विपक्षीय वस्तु एवं सेवा व्यापार पिछले पाँच वर्षों में करीब 150 फीसदी बढ़कर 2018 में 142.1 अरब डॉलर पर पहुँच गया है। यह वार्षिक पुरस्कार 2007 से दिया जा रहा है।
- वैज्ञानिक और चक्रवात चेतावनी के विशेषज्ञ **मृत्युंजय महापात्र** को **भारत मौसम विज्ञान विभाग** (IMD) का प्रमुख नियुक्त किया गया। फिलहाल IMD में अतिरिक्त महानिदेशक के पद पर कार्यरत मृत्युंजय महापात्र को पाँच साल के लिए महानिदेशक नियुक्त किया गया है। **चक्रवात पूर्वानुमान** के लिये प्रसिद्ध मृत्युंजय महापात्र IMD के चक्रवात चेतावनी प्रभाग (CWD) के अगुवा हैं। पिछले छह साल में CWD ने फेलिन (2013), हुदहुद (2014) और तितली (2018) चक्रवात को लेकर सटीक पूर्वानुमान जताया था। IMD पर देश में मौसम और जलवायु से संबंधित पूर्वानुमान की जिम्मेदारी है। यह विभाग चक्रवात, आँधी, वर्षा, बर्फबारी, ठंड, लू चलने आदि के बारे में लोगों को चेतावनी भी जारी करता है। भारत सरकार के तहत काम करने वाले IMD की स्थापना वर्ष 1875 में हुई थी और इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में है।